News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-320
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो.

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार ,रविवार 23 फरवरी 2025
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## दरभंगा एयरपोर्ट से बड़ी खुशखबरी

### 2 घंटे से कम समय में पहुंचेंगे दिल्ली, जानें डिटेल



दरभंगा. बिहार के हवाई यात्रियों के लिए खास तौर पर दरभंगा एयरपोर्ट से बड़ी खुशखबरी वाली खबर सामने आ रही है. लगातार दरभंगा एयरपोर्ट में यात्रियों के सुविधा में विस्तार हो रहा है. नए-नए एयरलाइंस कम्पनी दरभंगा से अपनी सेवा देने को लेकर आ रही हैं. इसी कड़ी में अब स्पाइजेट और इंडिगो के साथ अब अकासा भी दरभंगा से दिल्ली की अपनी सेवा शुरू करने जा रही है. इसके लिए एयरलाइंस कम्पनी ने दिल्ली से दरभंगा रूट की टिकट बुकिंग भी चालू कर दिया है. इसकी पहली उड़ान 4 अप्रैल से शुरू होने जा रही है. ये जानकारी दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने देते हुए खुशी जाहिर की और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया.

अकासा एयरलाइंस ने भी अपने साइट पर दिया है जिसके बाद लोगों में खुशी का माहौल है. अभी फिलहाल अकासा ने सिर्फ दरभंगा दिल्ली रूट पर ही मात्र टिकट बुकिंग की शुरुआत की है जिसमें टाइमिंग स्लॉट मिलने की भी जानकारी दी है. इसके हिसाब से पहली उड़ान 4 अप्रैल को दिल्ली से 9 बजे होगी जो दरभंगा 10.55 बजे लैंड करेगी. वहीं दरभंगा एयरपोर्ट से 11.30 में टेकऑफ करके 1.25 बजे दिल्ली में लैंड करेगी. इसमें अकासा एयरलाइंस का टिकट 14400 से ज्यादा है. अकाशा के चालू हो जाने से अब दरभंगा से दिल्ली रूट पर कुल मिला कर स्पाइसजेट, इंडिगो सहित अकासा मिलाकर 14 फ्लाइट हो जाने से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी.

सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि दरभंगा को पीएम मोदी और केंद्र सरकार ने सौगातें दी हैं और एयरपोर्ट भी उनमें से एक है. अब यहां अकासा एयरलाइंस अपनी सेवाएं देना शुरू करने जा रही है. इससे पहले केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां से इंडिगो की दिल्ली उड़ान सेवा शुरू करा दी थी. वहीं जब उन्होंने पूर्व केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से दरभंगा एयरपोर्ट के महत्व को देखते हुए दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू करने का अनुरोध किया था तो मंत्री ने इस पर तुरंत कार्यवाही का आश्वासन दिया था, जिसके परिणामस्वरूप इंडिगो की उड़ान सेवा शुरू हुई है. उन्होंने बताया कि दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता है. यहां नाइट लैंडिंग सिस्टम और 11 विमानों की पार्किंग क्षमता वाले नए एप्रन के निर्माण के लिए पहल शुरू हो चुकी है.

## महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस महात्मा गांधी सेतु पर ट्रक से टकराई, 35 यात्री घायल



महाकुंभ से स्नान कर के बाद घर लौट रहे श्रद्धालुओं की बस ने अचानक से चलती ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। हाजीपुर में महात्मा गांधी सेतु पर इस हादसे के बाद अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत गंगा ब्रिज थाना और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया। बताया गया है कि नेपाल के विराटनगर से यात्री बस करीब 2 लाख 40 हजार रुपया में रिजर्व की गई थी। प्रत्येक श्रद्धालु को इस यात्रा के लिए छह हजार रुपए देने पड़े थे। पिछले 17 फरवरी को महाकुंभ स्नान के लिए नेपाल के विराटनगर से करीब 40 श्रद्धालुओं का जत्था निकला था। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर,अयोध्या, महाकुंभ स्नान करने के बाद वाराणसी के बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन कर सभी श्रद्धालु विराटनगर लौट रहे थे। तभी हाजीपुर महात्मा गांधी सेतु पाया नंबर 23 के पास चलती ट्रक में श्रद्धालुओं से भरी यात्री बस ने पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया है। दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बाकी श्रद्धालु खतरे से बाहर हैं।

## विक्रमशीला, लोकमान्य तिलक और मगध एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रद्द

### कइयों के रूट बदले ; देख लें पूरी लिस्ट



प्रयागराज, प्रयागराज में महाकुंभ मेला-2025 और आने वाले महाशिवरात्रि के दौरान प्रयागराज में आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ रेलवे स्टेशनों पर न हो इसको देखते हुए रेलवे ने 24 से 28 फरवरी तक कई नियमित तथा स्पेशल गाड़ियों को रद्द तथा मार्ग में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इसमें कई प्रमुख ट्रेनों का भी नाम शामिल है।

दरअसल, 12367/68 भागलपुर आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस 22 से 27 फरवरी तक भागलपुर तथा आनंद विहार से रद्द रहेगी। 19483/84 अहमदाबाद बरौनी सुपरफास्ट अहमदाबाद से 22 से 26 फरवरी, वही 24 से 28 फरवरी को बरौनी से रद्द रहेगी। इसके अलावा 12141/42 लोकमान्य तिलक पाटलिपुत्र सुपरफास्ट लोकमान्य तिलक से 25 व 27 फरवरी को वही पाटलिपुत्र से 26 व 28 फरवरी को रद्द रहेगी।

12149/50 पुणे दानापुर पुणे से 25 व 26 फरवरी वही 26 व 28 फरवरी को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 20801/02 मगध एक्सप्रेस इस्लामपुर से 24 व 25 फरवरी को वही नई दिल्ली से 25 व 26 फरवरी को रद्द रहेगी। गाड़ी 22465/66 आनंद विहार मधुपुर हमसफर एक्सप्रेस आनंद विहार से 26 फरवरी वही मधुपुर से 27 फरवरी को निरस्त रहेगी।

महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए काशी स्टेशन पर 22 से 28 फरवरी तक कई गाड़ियों के दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया गया है। जिसमें 15733/34 व 15743/44 फरक्का एक्सप्रेस, 12391/92 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 13237/38 व 13239/40 पटना कोटा एक्सप्रेस और 13257/58 दानापुर आनंद विहार जनसाधारण शामिल हैं।

इधर, 12506 आनंद विहार कामाख्या नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस, 15484 दिल्ली अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस तथा 15657 दिल्ली कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल 22 से 26 फरवरी वही 15483 सिक्किम महानंदा व 12505 नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस 25 तथा 26 फरवरी को अपने पूर्ववर्त मार्ग कानपुर प्रयागराज प दीनदयाल उपाध्याय के बजाए बदले हुए मार्ग मुरादाबाद लखनऊ बनारस प दीनदयाल उपाध्याय होकर जाएगी।

## पटना में आग का तांडव, दम घुटने से 1 की मौत; बैंक समेत 6 दुकानें खाक



पटना, पटना में आग का तांडव देखने को मिला है। राजधानी पटना के कदमकुआं इलाके में आग लग जाने की वजह से एक शख्स की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि कदमकुआं इलाके में उमा सिनेमा के पास अर्पण कॉम्प्लेक्स मेंआग लग गई और दम घुटने से एक शख्स की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगलगी की घटना में दो लोग जख्मी भी हुए हैं जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बुद्धमूर्ति स्थित इस अर्पण कॉम्पलेक्स में यह भीषण आग लगी थी। इस अगलगी में यहां स्थित एक बैंक समेत 6 दुकानें जलकर राख हो गई हैं। वहां मिठाई के एक दुकान में काम करने वाले कर्मी की दम घुटने से मौत हो गई है। आग की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ओवरलोड ट्रक से बिजली का तार टूट गया था जिसके बाद आग लग गई। जो तस्वीरें सामने आई हैं उसनें नजर आ रहा है कि दुकान में लगी आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है। आग की लपटें काफी तेज थीं और आग की वजह से इलाके में अफरातफरी मच गई थी। बताया जा रहा है कि यह आग देर रात लगी थी।

दमकल कर्मियों ने 5 घंटे में सुबह 6.42 बजे आग पर काबू पाया है। इस अगलगी में मिठाई दुकान के कर्मचारी मनीष कुमार की मौत हो गई है। वह यूपी के हाथरस का रहने वाला था। फिलहाल पुलिस आग लगने की वजहों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल कर रही है। इस अगलगी में प्रथम तल स्थित पीएनबी शाखा में मैनेजर का कार्यालय सहित फर्नीचर और इलेक्ट्रिक समान जल गया। हालांकि, शेफ और लॉकर को कोई नुकसान नहीं पहुचा है। 2 फ्लोर पर बैंक्वेट हाल का भी समान जल गया।

## महाकुंभ में स्नान के 2 दिन बाद ही कांस्टेबल पति ने कर दी कांस्टेबल पत्नी की हत्या

### पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

पटना, बिहार के पटना से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पुलिस कांस्टेबल पति ने अपनी कांस्टेबल पत्नी की हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात ये है कि ये पति-पत्नी 2 दिन पहले ही महाकुंभ से स्नान करके पटना स्थित घर लौटे थे। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला** पटना में 22 फरवरी 2025 (शनिवार) को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई। यहां एक पुलिस कांस्टेबल पर अपनी पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि महाकुंभ से लौटने के बाद पति ने इस घटना को अंजाम दिया। कांस्टेबल पति पर लगे इस आरोप से पुलिस महकमे में भी सनसनी मची हुई है।

पटना की पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल पति ने इस घटना को पटना के पीरबहोर थाने के पुलिस क्वार्टर में अंजाम दिया है। हैरानी की बात ये है कि ये हत्या महाकुंभ से लौटने के दो दिन बाद हुई। पटना पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

**पटना पुलिस ने क्या कहा** पटना के टाउन ASP ने बताया कि पत्नी दो दिन पहले कुंभ स्नान करके लौटी थी। पुलिस के मुताबिक, हत्या का तरीका अभी स्पष्ट नहीं है। पति कांस्टेबल 2010 बैच का सिपाही है और वर्तमान में पुलिस लाइन में ही तैनात है। वो अपनी पत्नी के साथ रहता था।

महिला पीटीसी कांस्टेबल के परिजनों द्वारा महिला के पति कांस्टेबल के ऊपर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी कांस्टेबल पहले पटना के ग्रामीण एसपी का बॉडीगार्ड भी रह चुका है। वह अपनी पांच साल की बेटी के साथ पुलिस क्वार्टर में रहता था।

**बेटी को नानी घर भेजा था**

पटना के सिपाही का कमरा खोलते ही पुलिस भी कांप गई। अंदर के मंजर ने सबको दहला दिया। हत्या से ठीक दो दिन पहले पति-पत्नी महाकुंभ नहाकर लौटे थे। उसके बाद पति ने अपनी बेटी को उसकी नानी के घर भेज दिया और शनिवार को इस दर्दनाक घटना को अंजाम दिया। हत्या की सूचना मिलते ही टाउन एसडीपीओ दीक्षा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। महिला का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया है। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद को हत्या का कारण माना जा रहा है।



